शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़, रायपुर

कंमाक.शी0मु0प0प0 / 2014 /76 रायपुर,, दिनांक 4/3/14

//विज्ञप्ति //

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद छ0ग0की आगामी परीक्षाएं दिनांक 22 जून एवं 29 जून 2014 को आयोजित की जावेगीं । परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :–

(अ) हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन की परीक्षाएं निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेंगी :–

बिलासपुरः–शा.बहु.उ.मा.वि.बिलासपुर, शा.म.ल.बा.कन्याउ.मा.वि., शा.क.उ.मा.वि.सरकण्डा, **पेण्ड्रा**– शा.बहु.उ.मा.वि., **मुंगेली**–शा. हाई स्कूल करही., **रायपुरः**–शा.जे.आर.दानी.कन्या.उ.मा.वि., शा0क0उ0मा0वि0 चौबे कालोनी, रायपुर., शा.जे.एन.पाण्डे. उ.मा.वि.,शा.जे0आर.0नायडू उ.मा.वि. रविग्राम रायपुर, **गरियाबन्द**–शा.कन्या.उ.मा.वि., **महासमुन्द** –शा. कन्या उ.मा.वि., **धमतरी** – शा.कन्या.उ.मा.वि., **दुर्ग**–शा.बहु.उ.मा.वि., शा.आदर्श.कन्या उ.मा.वि., **बालोद**– शा.आदर्श. क.उ.मा. वि., **भिलाई** – शा.बा.उ.मा.वि.केम्प–1, **राजनांदगांव** –शा.म.ल.बा.कन्या.उ.मा.वि., **डोंगरगढ**–शा. कन्या.उ.मा.वि. **जगदलपुरः**–शा.एम0एल0बी0कन्या.उ.मा.वि., **दन्तेवाड़ा**– शा.कन्या.उ.मा.वि., **अम्बिकापुरः** शा.कन्या.उ.मा.वि., **जांजगीर**–शा.गटट्ानी क.उ.मा.वि, **कोरबा** – शा.उ.मा.वि. जमनीपाली –कोरबा, **कवर्धा**–शा.कन्या.उ.मा.वि **कोरिया**–शा.क.उ.मा.वि. बैकुण्ठपुर, **रायगढ़ः**– शा. नवीन कन्या.उ.मा.वि., **कांकेर**–शा.नरहरदेव उ.मा.वि., **जशपुर नगर** शा.म.ल.बा.क.उ.मा.वि.केन्द्र होगें। उपरोक्त विद्यालयों के प्राचार्य अपने केन्द्र के अग्रेषणकर्ता/केन्द्राध्यक्ष होंगे ।

परीक्षा कार्यक्रम एवं केन्द्र निम्नानुसार रहेगा :–

हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा	दिनांक	22 जून 2014 रविवार प्रातः 09 बजे से
अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा	दिनांक	29 जून 2014 रविवार, प्रातः 11 बजे से

2– **केन्द्र पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05 अप्रेल 2014, दिन –शनिवार**

3– परीक्षा का स्थान प्रवेश पत्र द्वारा सूचित किया जावेगा। जिस केन्द्र पर जिस विषय की परीक्षा देना है उस केन्द्र पर यदि परीक्षार्थियों की संख्या 20 से कम होगी तो परीक्षा उक्त केन्द्र पर नहीं होगा और परीक्षार्थियों को निकट के किसी अन्य केन्द्र पर परीक्षा देनी होगी ।

4– परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निम्नानुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क सरकारी कोषालय में चालान द्वारा जमा करना होगा। चालान की एक मूल प्रति आवेदन फार्म के साथ संलग्न की जावेगी। आवेदन पत्र किसी भी शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा। प्रत्येक परीक्षा के लिये पृथक–पृथक आवेदन एवं प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ परीक्षा शुल्क का चालान पृथक–पृथक जमा करना होगा, एकजाई शुल्क का चालान मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद द्वारा सीधे स्वीकार नहीं किये जायेगें।

निरंतर–2

परीक्षा शुल्क का विवरण

परीक्षा का नाम	सामान्य परीक्षार्थी	अनु0जा0/जन जाति परीक्षार्थी
हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा	रूपये 90/–	रूपये 45/–
अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा	रूपये 90/–	रूपये 45/–

5– परीक्षा शुल्क,"**0202–शिक्षा खेल कला एवं संस्कृति, (01) सामान्य शिक्षा, (600) सामान्य, (0661)स्कूल**" शीर्ष में चालान द्वारा कोषालय/बैंक में परीक्षा का नाम व दिनांक अंकित करके जमा करें। चालान की एक मूल प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाना आवश्यक है।

6– इन परीक्षाओं में केवल वहीं परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकेगें जिन्होने दिनांक **01 जून 2014 को 16 वर्ष** की आयु पूर्ण कर ली हो तथा **हाई स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा** उत्तीर्ण की हो ।

7– आवेदक किसी एक विषय की परीक्षा किसी एक ही केन्द्र से दे सकेंगे, एक ही विषय में एक से अधिक केन्द्र से परीक्षा देते हुए पाये जाने पर आवेदक द्वारा दी गई परीक्षा निरस्त कर दी जावेगी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के लिए स्वयं मुद्रलेखन मशीन लाना आवश्यक है।

8– मुद्रलेखन परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्न पत्र होगें :–

अ– अंग्रेजी मुद्रलेखन –प्रथम प्रश्न पत्र 300 शब्दों का मुद्रित पेसेज–10 मिनिट में मुद्रलिखित करना होगा, तथा द्वितीय प्रश्न पत्र 150 शब्दो की हस्तलिखित छायाप्रति 10 मिनिट में मुद्रलिखित करना होगा ।

ब– हिन्दी मुद्रलेखन – प्रथम प्रश्न पत्र 250 शब्दों का मुद्रित पेसेज 10 मिनिट में मुद्रलिखित करना होगा तथा द्वितीय प्रश्न पत्र 125 शब्दों का हस्तलिखित छायाप्रति 10 मिनिट में मुद्रलिखित करना होगा ।

9– उपरोक्त परीक्षा के आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है। आवेदन ए–4 साईज कागज पर प्रारूप अनुसार टंकित/मुद्रित ही स्वीकार किये जायेंगे। प्रत्येक परीक्षा के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है, अन्य प्रकार के आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उक्त आवेदन पत्रों के साथ जमा किया गया शुल्क वापस अथवा समायोजित किया जावेगा । परीक्षा आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र पर निर्धारित स्थानों पर परीक्षार्थी अपने पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटो चस्पा करें। आवेदन पत्र पर ऊपर प्रथम स्थान का फोटो तथा प्रवेश पत्र के फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होने चाहिये। **आवेदन पत्र पर द्वितीय फोटो अभिप्रमाणित न करे।** फोटो प्रमाणित करने वाले अधिकारी का नाम अधिकारी के हस्ताक्षर के नीचे स्पष्ट शब्दों में अवश्य लिखा जावे एवं पदनाम की सील एवं दिनांक भी अंकित किया जावे।

10– आवेदन पत्र प्राप्त करने पर केन्द्राध्यक्ष का दायित्व होगा की वे उपर्युक्त शर्तों का पालन व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करे। निर्धारित प्रारूप में पूर्णरूप से भरा हुआ आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाणपत्रों एवं नियत शुल्क चालान की मूल प्रति सहित प्राप्त होने पर ही अग्रेषित करें। यदि शर्तों एवं निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जावे तथा इस कार्यालय को अग्रेषित नहीं किया जावे ।

निरंतर–3

11– विलम्ब अथवा किसी भी कारण से अमान्य किये गये आवेदन पत्रों के आवेदको का परीक्षा शुल्क न तो वापस किया जायेगा और न ही अगली परीक्षा में समायोजन किया जावेगा । **आवेदन पत्र केन्द्र पर संकलित करने के पश्चात आवेदनों को पृथक पृथक–परीक्षावार कम्प्यूटर से सूचीबद्ध कर इस कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से दिनांक 09 अप्रेल 2012 को अनिवार्य रूप से जमा कराये जायेंगें,** ताकि परीक्षा संचालन का कार्य समय सीमा में हो सके । इस तिथि के पश्चात आवेदन पत्र परिषद में स्वीकार नहीं किये जावेंगे । इसके लिए केन्द्राध्यक्ष जिम्मेदार होंगे प्रत्येक आवेदन पत्र पर अग्रेषणकर्ता केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य हस्ताक्षर करेगें। यदि कोई दृष्टिहीन परीक्षार्थी आवेदन करता है तो आवेदन पत्र पृथक से अग्रेषित किये जायेंगे।

4/3/14

(एल.एस.मरावी)
अध्यक्ष
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद
छत्तीसगढ़

पृ0कंमाक.शी0मु0प0प0/2014/77 रायपुर, दिनांक 4/3/14

प्रतिलिपि :–

1– निज सचिव, माननीय मंत्री महोदय, स्कूल शिक्षा विभाग, छ0ग0 शासन ,मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ।
2– सचिव छ0ग0 शासन, स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ।
3– संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0 रायपुर ,
4– आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास संचालनालय छ0ग0 रायपुर।
5– संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छ0ग0 रायपुर।
6– समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़ ।
7– सहायक आयुक्त, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास, जिला जशपुर, दन्तेवाड़ा, रायपुर छत्तीसगढ।
8– समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा केन्द्र, छत्तीसगढ़ ।
9– समस्त परिषद में पंजीकृत मुद्रलेखन शीघ्रलेखन संस्थाएं, छत्तीसगढ़ ।

4/3/14

अध्यक्ष,
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद
छत्तीसगढ़

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद,
(लोक शिक्षण संचालनालय)
छत्तीसगढ़

–: आवेदन पत्र :–

परीक्षा का नाम – .....परीक्षा तिथि.....**रोल नम्बर** .....
(परिषद द्वारा भराजावेगा)

1. **परीक्षार्थी का पूरा नाम**
(अ) हिन्दी में श्री / श्रीमती / कु0.....
(ब) अंग्रेजी में
(केपिटल अक्षरों में)

यहॉ अपने पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा करें, जो राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित हो। अभिप्रमाणित करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम की

2. **पिता / पति का नाम**
(अ) हिन्दी में श्री.....

(ब) अंग्रेजी में
(केपिटल अक्षरों में)

24. फोटो प्रमाणित करने वाले अधिकारी का नाम .....
पदनाम.....प्रमाणिकारण का दि0 .....

25. जन्म तिथि (अंको में).....(शब्दों में) .....
दिनांक 01 जून 2014 को परीक्षार्थी की आयु वर्ष..... माह.....दिन.....
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

26. वर्तमान शैक्षणिक योग्यता.....व्यवसाय.....

27. स्थायी पता .....निवासी जिला .....

28. पत्र व्यवहार का पता.....फोन / मोबाईल.....

29. केन्द्र का नाम, जिस पर परीक्षा देने के इच्छुक हैं .....
(यह आवश्यक नहीं कि इच्छानुसार ही केन्द्र आबंटित किया जावेगा)

30. **परीक्षा शुल्क का विवरण :–** (चालान की मूल प्रति संलग्न करें)
राषि रू0.....**चालान क0**.....**दिनांक**.....
बैंक / कोषालय का नाम .....

यहॉ पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें जो अभिप्रमाणित न हो

13 आवेदक यदि अनु.जाति / जन.जाति के हों तो जाति दर्शायें:– बॉक्स में ☐ करें।
अनु0जाति ☐ **अनुसुचित जन जाति** ☐

11. आवेदक (परीक्षार्थी) के बॉक्स के भीतर नमूना हस्ताक्षर **(काले पेन से)** :–

12. यदि आवेदक परिषद में पंजीकृत संस्था के छात्र है तो :–
संस्था का नाम एवं पता (सील) .....
परिषद मे पंजीयन का क्रमांक .....
एवं पजीयन / नवीनीकरण का दिनांक .....

मैं यह घोषणा करता /करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में मेरे द्वारा भरी गई जानकारी सत्य है व किसी भी प्रकार की गलती या गलत जानकारी देने पर मुझे परीक्षा में प्रवेश देने के बाद भी निष्काषित किया जा सकता है । परीक्षा के दौरान केन्द्र पर परिषद के नियमों निर्देशों का मैं पालन करूंगा / करूंगी ।

स्थान .....**दिनांक** / /

आवेदक के हस्ताक्षर

निरन्तर 2...

अग्रेषणकर्ता केन्द्राध्यक्ष/ प्राचार्य का प्रमाणिकरण

मै प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र में आवश्यक प्रविष्ठियों की पूर्ति की गई है। आवेदक द्वारा अंकित की गई जानकारी एवं संलग्न किए गए प्रमाण पत्रों के अनुसार आवेदक उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता है।

अग्रेषणकर्ता प्राचार्य के हस्ताक्षर.....
पूरा नाम.....
पदनाम की सील .....

परीक्षा हॉल में हस्ताक्षर

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर	पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर	केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं सील
.....	.....	.....

त्र

आवश्यक निर्देश :–

1. **दि**नांक 01 जून 2014 की स्थिति में परीक्षार्थी की **आयु 16 वर्ष** पूर्ण हुई हो एव न्यूनतम **हाईस्कूल परीक्षा** उत्तीर्ण की हो। आयु ,शैक्षणिक योग्यता एवं अनु.जाति/जन जाति (यदि उक्त जाति के हो तो) संबंधी प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छाया प्रतियॉ अनिवार्य रूप से संलग्न करें ।
2. यह आवश्यक नहीं है कि आवेदक द्वारा वांछित केन्द्र ही आवंटित किया जायेगा ।
3. आवेदन पत्र पर ऊपर बने प्रथम ब्लाक में एवं प्रवेश पत्र पर निर्धारित स्थान पर आवेदक अपना नवीनतम फोटो चस्पा करें एवं राजपत्रित अधिकारी से अभिप्रमाणित करायें। आवेदन पत्र के निचले ब्लाक मे केवल फोटो चस्पा करें, **उसे प्रमाणित नहीं करायें** और ठीक इसके नीचे नमूना हस्ताक्षर हेतु बने ब्लाक में परीक्षार्थी काली स्याही से अपने **हस्ताक्षर** करें। सभी फोटो एक समान एवं फ्रन्ट पोज के होने चाहिये। फोटो की छायाप्रति न चिपकायें।
4. फोटो अभिप्रमाणित करनेवाले अधिकारी यह सावधानी रखें कि किसी छद्म नाम से कोई व्यक्ति अपना फोटो न चिपकाये अन्यथा आवेदनकर्ता के अतिरिक्त फोटो प्रमाणित करने वाले अधिकारी के विरूद्ध विधि के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकती है ।
5. आवेदनकर्ता यह ध्यान रखे कि यदि कोई आवेदन पत्र अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण पाया गया तो बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जावेगा ।
6. यदि किसी आवेदनकर्ता द्वारा गलत जानकारी अथवा गलत तरीके अपनाकर परीक्षा दी गई तो उसका परीक्षाफल निरस्त करने के अतिरिक्त भारतीय दण्ड विधान के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकेगी ।
7. आवेदक किसी एक विषय की परीक्षा हेतु केवल एक ही आवेदन अग्रेषित करावें । एक से अधिक केन्द्रों से आवेदन अग्रेषित करने पर सभी आवेदन निरस्त किये जा सकेंगे ।
8. परीक्षा शुल्क के चालान की एक प्रति/छाया–प्रति परीक्षार्थी अपने पास सुरक्षित रखे जो मांगे जाने पर दिखाई जा सके। आवेदन पत्र की भी छाया प्रति सुरक्षित रखने की सलाह दी जाती है।
9. आवेदन पत्र में समस्त प्रविष्ठयों की पूर्ति अनिवार्य है, जो लागू न हो वह काट दें।

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद,
(लोक शिक्षण संचालनालय)
छ0ग0 रायपुर
—: प्रवेश पत्र :—

रोल नम्बर .....
(कार्यालय द्वारा भरा जावेगा)

1. परीक्षार्थी का नाम हिन्दी में श्री / श्रीमती / कु0.....

अंग्रेजी में | | | | | | | | | | | | | | | | | |
(केपिटल अक्षरों में)

परीक्षार्थी अपना पासपोर्ट आकार का फोटो यहाँ चस्पा करें तथा राजपत्रित अधिकारी से अभिप्रमाणित करावें

2. पिता / पति का नाम (हिन्दी में)श्री / श्रीमती / कु0.....
अंग्रेजी में | | | | | | | | | | | | | | | | | |
(केपिटल में)

3. परीक्षा का विषय .....
5. परीक्षा तिथि एवं समय .....
6. फोटो अभिप्रमाणितकर्ता अधिकारी का नाम,पदनाम,एवं कार्यालय .....
7. परीक्षार्थी के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता .....
.....दूरभाष / मोबा0.....
8. परीक्षार्थी के नमूना हस्ताक्षर

हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा दिनांक 22 जून 2014 रविवार प्रातः 09 बजे से
अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा दिनांक 29 जून 2014 रविवार, प्रातः 11 बजे से

परीक्षार्थी के बैच का निर्धारण केन्द्राध्यक्ष द्वारा किया जायेगा ।

विशेष सूचना :— साईड पोज में फोटो एवं फोटो का छायाचित्र चस्पा न करें। ऐसा करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है। परीक्षा दिनांक को परीक्षा अपरान्ह 6.00 बजे अनिवार्यतः समाप्त हो जायेगी। परीक्षार्थियों की संख्या कम होने की स्थिति में परीक्षा निर्धारित समय से पूर्व भी समाप्त घोषित की जा सकती है। परीक्षार्थी मुद्रलेखन यंत्र सहित उपस्थित नहीं हुआ तो उसे परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

टीप :— हिन्दी / अंग्रेजी मुद्रलेखन के परीक्षार्थी अधिकतम् अपरान्ह 1 बजे तक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष को अपनी उपस्थिति दर्ज कराये अन्यथा उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा । इस संबंध में उनका कोई भी तर्क मान्य नहीं होगा। **परीक्षार्थी मूल प्रवेश पत्र सुरक्षित रखें जब तक कि मूल प्रमाण पत्र प्राप्त न हो जाये।**

<u>आवंटित परीक्षा केन्द्र</u> :—

(ललित गनवीर)
सचिव
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद
छ0ग0